**भारत सरकार**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**

**पशुपालन और डेयरी विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 333**

**दिनांक 05 दिसम्बर, 2023 के लिए प्रश्न**

**ई-गोपाला ऐप**

**333. श्री एन. रेड्डप्पः**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सभी रूपों में रोग मुक्त जर्मप्लाज्म की खरीद और बिक्री सहित पशुधन के प्रबंधन में किसानों की सहायता करने के लिए शुरू किए गए ई-गोपाला ऐप का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस संबंध में क्या प्रगति हुई है और इससे क्या लाभ प्राप्त हुए हैं; और

(ग) किसानों को अपने पशुधन के प्रबंधन में सहायता करने के लिए किए जा रहे ऐसे अन्य उपायों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

**(श्री परशोत्तम रूपाला)**

(क) और (ख) डेयरी किसानों को उनके पशु प्रबंधन हेतु सहायता के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म की आवश्यकता को देखते हुए विभाग ने एक एंड्रायड बेव आधारित एप्लिकेशन ''ई-गोपाला'' तैयार किया है। माननीय प्रधान मंत्री ने किसानों द्वारा सीधे प्रयोग किए जाने हेतु सितम्बर 2020 में ई-गोपाला एप का उद्घाटन किया। यह एप्लिकेशन 12 भाषाओं नामत: हिंदी, गुजराती, मराठी, ओडिया, कन्नड़, मलयालम, पंजाबी, तेलुगू, बंगला, तमिल, असमिया और अंग्रेजी में उपलब्ध है।

यह अप्लीकेशन किसानों को विविध सूचनाएं प्रदान करता है और निम्नलिखित में सहायता करता है:

(i) यह किसानों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध आहार सामग्रियों का प्रयोग कर आहार की लागत कम करते हुए और साथ ही उत्पादकता और प्रजनन क्षमता में वृद्धि करते हुए डेयरी पशुओं के लिए संतुलित राशन तैयार करने में सहायता करता है।

(ii) यह किसानों को एथनो-वेटरेनरी मेडिसिन (ईवीएम) का उपयोग करके डेयरी पशुओं की लगभग 29 सामान्य बीमारियों जैसे मास्टिटिस, अपच, दस्त आदि के प्रबंधन में मदद करता है। इस सेक्शन में एथनो-पशु चिकित्सा के माध्यम से रोग प्रबंधन प्रोटोकॉल पर विभिन्न भाषाओं में वीडियो भी शामिल हैं।

(iii) यह डेयरी पशुओं की खरीद/बिक्री के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म, गोपशुओं और भैंसों की विभिन्न नस्लों के लिए उपलब्ध गुणवत्तायुक्त वीर्य खुराक के स्रोत की जानकारी और आईवीएफ और सेक्स-सॉर्टेड सीमन की उपलब्धता के लिए संपर्क विवरण प्रदान करता है।

(iv) यह एनडीएलएम डेटा बेस से उनके पशुओं के प्रजनन, पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी वास्तविक समय में प्रदान करता है।

(v) यह टीकाकरण, गर्भावस्था निदान, ब्याने आदि के लिए पहले से निर्धारित तारीख पर समयानुसार अलर्ट के साथ-साथ डेयरी और पशुपालन संबंधी विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करता है।

(vi) किसान इस ऐप के माध्यम से पशु स्वास्थ्य, पोषण और प्रजनन पर अपनी जिज्ञासाओं के लिए सीधे कॉल सेंटर से भी जुड़ सकते हैं।

ऐप को उमंग पोर्टल पर अपलोड किया गया है तथा पोर्टल पर पंजीकृत 5.7 करोड़ उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराया गया है। ऐप को एनडीएलएम पोर्टल के अंतर्गत शामिल किया जा रहा है।

(ग) किसानों को अपने पशुधन के प्रबंधन में मदद करने के उपाय के रूप में, विभाग ने एक किसान- केंद्रित, प्रौद्योगिकी-सक्षम परिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए, जहां किसान सही जानकारी के साथ पशुधन कार्यकलापों में माध्यम से बेहतर आय प्राप्त करने में सक्षम हों और स्थायी आर्थिक अवसरों तथा पशुओं और मनुष्यों दोनों के स्वास्थ्य को इष्टतम करने हेतु अच्छी तरह से काम करने वाली, कनेक्टेड प्रणालियों के परिणामस्वरूप समय पर, उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं और बाजारों तक पहुंच प्राप्त करने हेतु अवसंरचना को सक्षम करने के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन (एनडीएलएम) शुरू किया है।

******